an>

Title: Need to start a Rajdhani express train between Delhi and Raxaul in Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान और माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान इस ओर ले जाना चाहता हूँ कि पिछले हफ्ते वह सार्क समिट में गए थे और नेपाल से उन्होंने परिवहन समझौता किया है। मैं माननीय नितिन गडकरी जी का आभारी हूँ कि उन्होंने दिल्ली से काठमांडू की सीधी बस सेवा भी प्रारंभ कर दी है। नेपाल की जनसंख्या बहुत ज्यादा है और उनके आवागमन हेतु दिल्ली में बहुत तकलीफ होती है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में रक्सौल रेलवे का ड्राइपोर्ट भी है। रक्सौल से पूरा नेपाल सीधा जुड़ा हुआ है और वहाँ से काठमांडू की दूरी दो सौ किलोमीटर से भी कम है।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध होगा कि या तो एक अन्तर्राष्ट्रीय राजधानी एक्सप्रेस या पशुपतिनाथ एक्सप्रेस के नाम से रक्सौल से दिल्ली के लिए एक सुपरफास्ट ट्रेन चलायी जाए। अभी मात्र एक ट्रेन है और उस ट्रेन को एक हजार किलोमीटर आने में छब्बीस घंटे का वक्त लगता है। आप समझ सकती हैं कि नेपाल के नागरिकों को दिल्ली आने में कितनी तकलीफ होती होगी।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि हर प्रदेश की तरह एक राजधानी एक्सप्रेस या एक अन्तर्राष्ट्रीय राजधानी एक्सप्रेस रक्सौल से दिल्ली चलायी जाए।

HON. SPEAKER: Shri D.S. Rathod -- not present.

Shri Vikram Usendi.